संघपति जी की कोठी पर दुबारा गये। उनकी सुपुत्री भी साथ थीं। संघपति जी ने बड़े स्नेह के साथ हमको अपने पास बिठाया और सोमसुन्दरम जी से कहा, ''पूछिए, क्या पूछना चाहते हैं?'' ''सेठ जी, सल्लेखना के समय आप अन्त तक महाराज के साथ थे। इस सम्बन्ध में आपके प्रत्यक्ष अनुभव का विवरण जानना ही मेरा उद्देश्य है, सोम जी ने कहा। बस, संघपति जी ने अपने अनुभव धड़ाधड़ सुनाने शुरू कर दिये। एक-एक वाक्य में उनकी गुरूभक्ति स्पष्ट झलक रही थी। उनकी सुपुत्री ने भी इसमें उनका साथ दिया। मैं आंखें बन्द किये सुन रहा था। मुझे लगा कि मैं अचानक कुन्थलगिरि पहुंच गया हूं और आचार्य महाराज के साथ हूं। संघपति जी की वर्णन शैली का यह जादू था। ''महाराज ने स्वेच्छा से सल्लेखना धारण की थी, या किसी के सुझाने पर?'' सोम जी ने पत्रकार-सुलभ निर्दयता के साथ पूछा।''स्वेच्छा से, इसमें शक भी हो सकता है?'' संघपति जी ने उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि मैंने और अन्य कुछ भक्तों ने महाराज से आग्रह किया था कि वह अभी सल्लेखना धारण न करें। परन्तु आचार्य श्री टस से मस नहीं हुए। गुफा के अन्दर महाराज पीछी पर सिर रखकर लेटे हुए हैं। बारामती के श्री शान्तप्पा वैद्य नाड़ी देखकर कह रहे हैं कि अभी दो-एक घंटों में प्राण चले जायेंगे। भट्टारक लक्ष्मीसेन जी, भट्टारक जिनसेनजी, क्षुल्लक पार्श्वकीर्ति जी, सिद्धिसागर जी, सुमतिसागर जी आदि महाराज के सिरहाने बैठकर णमोकार मंत्र जप रहे हैं। गेंदनमल जी प्रार्थनामय हृदय के साथ बैठे कभी घड़ी की ओर कभी आचार्यश्री की ओर देख रहे हैं। इस तरह सुबह हो जाती है। आचार्य श्री जीवित हैं। बैद्य जी हार गये। सुबह करीब छः बजे हैं। गन्धोदक लेकर पुजारी आते हैं। क्षुल्लक सिद्धिसागर जी आचार्य श्री से कहते हैं। ''महाराज, गन्धोदक लाये हैं।'' सुनकर आचार्यश्री का म्लान मुखमण्डल प्रदीप्त हो उठता है।

-क्रमशः - शेष अगले अंक में

परम पूज्य आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के चरणों में शत् शत् वंदनः पुण्यार्जक/नमनकर्ता

अशोक पाटनी
इम्फाल
मो. 09612328688

संजीव जैन
जैन प्लास्टिक, 369-ए,
मोतीनगर, ऐशबाग
लखनऊ मो. 9415017824

रमेश काला गुणमाला काला
हैदराबाद

सुशील कुमार बाकलीवाल
अध्यक्ष - श्री दिगम्बर जैन मुनि संघ सेवा समिति (रजि.) अजमेर (राज.)
मो. 09829071798

बादामीलाल जैन
शीतल नाथ कॉलोनी
मु. पो. सलुम्बर, उदयपुर
मो. 9829550085

Vijay Kumar Jain
Nabhiraj Ji
Jamalpure
C/o Arihant Medical
& General Stores
Naichakur, Umraga,
Osmanabad (M.H.)
Mob- 9527691666

प्रमोद दोसी
ध. प. रूचि जैन
46, हीरामोती
गोपाल पथ
कृष्णा विहार
कॉलोनी, कुंदन
नगर, अजमेर
मो. 88909017710

अनिल लुहाडिया
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष-
श्री भारतवर्षीय
दिगम्बर
जैन महासभा,
जेड-28, मानसरोवर
कॉलोनी मुरादाबाद,
मो. 9837030030

आदिश्वरलाल सिंघवी दीपक कुमार सिंघवी
सिंघवी ज्वैलर्स,
नागदा बाजार,
वोराबादी, सलुम्बर
भिंडरवाला, उदयपुर
मो. 9414758559

इंजी कैलाशचंद जैन
महासचिव-बुंदेलखंड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद लखनऊ, प्रांतीय प्रकल्प संयोजक-भारत विकास परिषद, अवध प्रान्त, उ.प्र. क्षेत्र-2, कार्यकारिणी सदस्य- श्री दिग. जैन मंदिर, इंदिरानगर लखनऊ, सदस्य- भा. जैन मिलन, साकेत, 9/336, इंदिरा नगर, लखनऊ मो. 9415470146

समाज की ज्वलंत सामयिक समस्याओं पर भेजें अपने विचार

आज हमारे जैन समाज, तीर्थ व धर्म को लेकर बहुत सी ज्वलंत समस्याएं हैं, जिनकी जानकारी हमें विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से मिलती हैं। अतः हम जैन गजट के पाठकों से सविनय निवेदन करते है कि आज की इन ज्वलंत समस्याओं को उजागर करने व उनके समाधान हेतु आपके विचार लेख, कविता के माध्यम से हमें प्रकाशन हेतु निम्नलिखित माध्यम से प्रेषित करने की कृपा करें। jaingazette2@gmail.com- 7607921391, 7505102419,

जैन गजटः पर्यूषण पर्व एवं क्षमावाणी विशेषांक

दिगम्बर जैन समाज के पर्यूषण दशलक्षण पर्व इस वर्ष दिनांक 19 सितम्बर से 28 सितम्बर 2023 तक सम्पन्न होंगे। क्षमावाणी पर्व दिनांक 30 सितम्बर, 2023 को मनाया जायेगा। इस पावन अवसर पर जैन गजट के निम्न विशेषांक प्रकाशित होंगे- पर्यूषण पर्व विशेषांक- सोमवार दिनांक 11 सितम्बर, 2023 का अंक, क्षमावाणी विशेषांक- सोमवार दिनांक 25 सितम्बर, 2023 का अंक। पूज्य आचार्यों, लेखक, विद्वानों, कवियों से निवेदन है कि इन विज्ञापनों हेतु अपने लेख, रचनायें भिजवाकर सहयोग प्रदान करें। श्रेष्ठी महानुभावों, विज्ञापन दातारों से इन विशेषांकों हेतु विज्ञापन भी सादर आमंत्रित हैं। जैन गजट संवाददाताओं से निवेदन है कि वह भी इन विशेषांकों हेतु अधिकाधिक विज्ञापन प्राप्त कर सहयोग प्रदान करें। **-सम्पादक**

स्वागत है जैन गजट के नये आजीवन सदस्यों का

शान्तिदेवी गंगवाल
मदनगंज-किशनगढ़

महावीर प्रसाद जैन
सट्टी बाजार, बाराबंकी

वर्द्धमान जैन
सिविल लाइन्स, बाराबंकी

अनीता जैन
सरावगी मोहल्ला, बाराबंकी (उ.प्र.)

आप सभी महानुभावों ने 2100/- रु. प्रदान कर जैन गजट की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है जिसके लिये जैन गजट परिवार आपका अत्यंत आभारी है।

Happy 25th Anniversary

श्रीमान् सुनिल जी एवं श्रीमती टीना जी कासलीवाल को शादी की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनायें

आपका दाम्पत्य जीवन, हमेशा हंसता, मुस्कुराता रहे

"कुछ फैसले आंखों से होते हैं,
दिल के फैसले बातों से होते हैं।
कोई लाख कोशिश कर ले,
पर कुछ रिश्ते खत्म सांसों से होते हैं"

पाण्डिचेरी के श्रीमान् मदन जी कासलीवाल के सबसे छोटे पुत्र श्रीमान् सुनील जी एवं टीना कासलीवाल (सुपुत्री श्रीमान् सुशील जी बाकलीवाल अजमेर) की शादी की 25वीं वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनायें।

-: शुभाकांक्षी :-
कासलीवाल एवं बाकलीवाल परिवार

विज्ञापन प्रेषकः श्रीमती अर्चना भरत कोठारी, पाण्डिचेरी

महासभा बेबसाइट पर उपलब्ध है

छात्रवृत्ति हेतु आवेदन फार्म, महासभा सदस्य बनने हेतु सदस्यता फार्म

श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन श्रुत संवर्धिनी महासभा, आचार्य शांतिसागर छात्रवृत्ति योजना के तहत् अर्थाभावग्रस्त दिगम्बर जैन मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु आचार्य शांतिसागर छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। आवेदन कैसे करें - आप सभी से निवेदन है कि आप अपने आस-पास अर्थाभावग्रस्त दिगम्बर जैन मेधावी छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु, आचार्य शांतिसागर छात्रवृत्ति योजना के लिए सम्पर्क करें अथवा महासभा की वेबसाइट लिंक - www.digjainmahasabha.org अथवा http:/www.digjainmahasabha.org/scholershipfrom.pdf से छात्रवृत्ति हेतु फार्म डाउनलोड कर अपने दस्तावेज संकलित करके महासभा कार्यालय में भिजवा देवें। बेबसाइट पर श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा का सदस्य बनने हेतु आनलाइन सदस्यता फार्म, माईनारिटी सर्टीफिकेट फार्म उपलब्ध है।

समाज से निवेदन है कि महासभा के सदस्य बनकर धर्म एवं समाज की सेवा हेतु सहयोग प्रदान करें। किसी भी प्रकार की समस्या हेतु कृपया ईमेल करें- digjainmahasabha@gmail.com सम्पर्क सूत्र - श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा, 5, खण्डेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर परिसर, शिवाजी स्टेडियम के पीछे राजा बाजार, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 दूरभाषः 011-23344668, 23344669

सुख अपने अंदर है - आचार्य प्रमुख सागर

गुवाहाटी। स्थानीय फैंसी बाजार स्थित भगवान महावीर धर्म स्थल में विराजित आचार्य श्री प्रमुख सागर महाराज ने अपने सायंकालीन प्रवचन में श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सुख और दुख एक कल्पना मात्र है। जो वस्तु मन को भाय तो सुखी करती है और मन से उतर जाए तो दुखी करती है। जब मनुष्य अपने जीवन में किसी एक चुनौती को जीवन का केंद्र मान लेता है, तब वह जीवन में सफलता प्राप्त नहीं कर पाता। **-सुनील कुमार सेठी, संवाददाता**

श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर, जयपुर

आवश्यकता

1. छात्रावास अधीक्षक (एक) योग्यताः- कम्प्यूटर डिप्लोमा के साथ स्नातक उपाधि, जो प्रेम पूर्वक छात्रानुशासन में कुशल हो।

2. व्याख्याता (दो) योग्यताः- जैन दर्शन/ साहित्य/ व्याकरण विषय में आचार्य एवं शिक्षा शास्त्री/ वांछनीय-संस्कृत माध्यम से पढ़ाने की सामर्थ्य।

3. महिला व्याख्याता अंग्रेजी (एक) योग्यताः- अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर उपाधि एवं बी. एड.।

सेवानिवृत्त भी स्वीकार्य, अन्य सुविधाओं के साथ समुचित वेतन। अन्तिम तिथि 10 अगस्त, 2023 तक आवेदन करें।

Email - drjaikumar52@gmail.com
सम्पर्क -9760002389

जिन्हें सुख की खबर नहीं वे दुख को ही सुख मानेंगे।

जैन गज़ट शिकायत 9415008344
जैन गज़ट

वर्षायोग में देश भर में जगह जगह विराजमान परम पूज्य आचार्य, मुनिराज/ आर्यिका माताजी, क्षुल्लक क्षुल्लिका जी एवं समस्त त्यागी वृंदों के श्री चरणों में शत् शत् नमन, शत् शत् वंदन


आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज


आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज

आचार्य श्री पुष्पदन्त सागर जी महाराज


गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज

आचार्य श्री कुन्थु सागर जी महाराज


आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज

आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज

मुनि श्री पुण्य सागर जी महाराज


आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज


मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज

मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

आचार्य श्री पुलक सागर जी महाराज

आर्यिका श्री ज्ञान मती माता जी

आर्यिका श्री विशुद्ध मती माता जी

समस्त गुरू चरणों में शत् शत् नमन, शत् शत् वंदन

-: नमनकर्ता :-


गजराज जैन गंगवाल
राष्ट्रीय अध्यक्ष
श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा
नई दिल्ली

प्रकाशचन्द्र जैन बड़जात्या
चेन्नई
राष्ट्रीय महामंत्री
श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा

पवन जैन गोधा
नई दिल्ली
राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष
श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा

अजीत जैन
राष्ट्रीय मंत्री- श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा, मंत्री- तीर्थ संरक्षिणी महासभा, लोअर असम, दुदनई जिला ग्वालपाड़ा (आसाम)
मो. 9577919349

हंसमुख जैन गांधी
इंदौर
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा

प्रमोद जैन
सम्मानित ट्रस्टी- श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा चेरिटेबल ट्रस्ट, उपाध्यक्ष - श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा
मो. 912206807

सुन्धासु कासलीवाल
अध्यक्ष-दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी, कुन्दकुन्द भवन परिसर, नारायण सिंह सर्किल टोंक रोड, जयपुर
मो. 9829050067


दशम प्रतिमाधारी
वयोवृद्ध विद्वान
बसन्त सागर जैन शास्त्री
शिवाड़ वाले
मो. 8107581334

अनिल लुहाड़िया
नई दिल्ली
राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष
श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन श्रुत संवर्धिनी महासभा
मो. 9810043418

Shrimati Archana Bharath Kothari
Sanskritik Mantri of Vivek Vigyan Mahila Mandal Pondicherry
Pratinidhi of Jain gazette
Mob- 9677554677

पंडित मधुकान्त जोशी
मेवाड़ केटरर्स, म. नं. 21 सखवाल नगर, रंगकारखाना, राम मंदिर, रतलाम (म. प्र.) 457001
मोबा. 9981888980, 9425355761

महावीर प्रसाद
वरिष्ठ जैन गजट संवाददाता
जोधपुर (राज.)
मो. 9314268528

श्राविकाश्रम इंदौर के 85 वर्ष: स्मारिका का विमोचन

राजेन्द्र जैन महावीर, सनावद

इंदौर। श्राविकाश्रम के निर्माण को 85 वर्ष पूर्ण होने पर सन्1938 से 2023 तक का इतिहास बताने वाली स्मारिका सचित्र परिचय 2023 का विमोचन हुआ। साउथ तुकोगंज स्थित श्री दिगम्बर जैन उदासीन श्राविकाश्रम, समवसरण मंदिर के प्रवचन हॉल में रविवार 16 जुलाई 2023 को आयोजित हुए एक भव्य समारोह में लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन प्रमुख अतिथि थीं। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कुलपति श्रीमती रेणु जैन ने विशेष अतिथि के रूप में उक्त स्मारिका का विमोचन किया। प्रख्यात विद्वान पं. श्री रतनलालजी शास्त्री ने अध्यक्षता की।

मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वाध्याय से चंचल मन को नियंत्रित करके स्वयं को प्राप्त किया जा सकता है, देश में यदि बुरे लोग हैं तो अच्छे लोग अधिक हैं, उनकी भावनाओं का सम्मान करते हुए सकारात्मक वातावरण बनाने से स्वस्थ भारत का निर्माण संभव है। आश्रम की बहनें भी स्वयं का कल्याण करते हुए एक स्वस्थ भारत के निर्माण में सहयोग दे रही हैं। कुलपति श्रीमती रेणु जैन ने आश्रम की व्यवस्था एवं स्मारिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। विशेष रूप से वर्तमान में संतों पर हो रहे उपसर्गो पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सुरक्षा पर समाज को विशेष ध्यान देना चाहिए। अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने पंडितश्री रतनलालजी शात्री एवं डॉ. अनुपम जैन का स्वागत किया, तत्पश्चात स्मारिका के प्रधान संपादक जयसेन जैन एवं सह-संपादक डॉ.सुशीला सालगिया के साथ ही ब्र. विजया दीदी, ब्र. सरिता दीदी व सुरेश जैन का सम्मान किया गया। ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती इन्द्राणी कासलीवाल, पुष्पा कासलीवाल, तुकोगंज जैन समाज की अध्यक्ष श्रीमती रानी डोसी व ब्र. रेखा दीदी, शशि दीदी ने संबोधित किया। विमोचन कार्यक्रम में जैन समवशरण ग्रुप के प्रमुख अजित जैन का विशेष सहयोग रहा। मंगलाचरण आश्रमस्थ सभी दीदियों ने किया। जयसेन जैन ने आश्रम की स्थापना एवं व्यवस्था संबंधी जानकारी दी। डॉ. सुशीला सालगिया ने सचित्र स्मारिका का परिचय एवं प्रकाशन प्रक्रिया से अवगत कराया। संस्था की अधिष्ठात्री ब्र. लीला कुमारीजी, ट्रस्टी श्री अरुण सेठी, शरद सेठी, मणिप्रभा कासलीवाल, कमलेश कासलीवाल, अनिल भोजे सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित थे। प्रख्यात विद्वान डॉ. अनुपम जैन ने संचालन किया। कोषाध्यक्ष धनराज कासलीवाल ने आभार माना।

संत का आना ही पुण्य का उदय है

- आर्यिकारत्न संगममती माताजी

नैनवां, 25 जुलाई। सिद्धक्षेत्र तारंगाजी गुजरात में वर्षायोग कर रहीं आर्यिका श्री संगममती माताजी ने बताया कि संत आने पर पूरा नगर शहर गांव में एक उत्सव जैसा माहौल हो जाता है, संतों के आगमन पर पूरे नगर में खुशहाली होती है। संत जिनालय तीर्थों के दर्शन के लिए पैदल लंबी लंबी यात्राएं कर पहुंचते हैं और प्रतिमाओं के दर्शन कर पुण्य प्राप्त होना बताया है। संत आने का कभी भरोसा नहीं होता, संत पुण्य उदय से आते हैं। काजल से काला कलंक, पृथ्वी से पतला ज्ञान, पृथ्वी से भारी पाप बताया। घर गृहस्थी में किए गए पाप मंदिर में धोए जाते हैं, मंदिर में किए गए पाप कहीं पर धोने की जगह नहीं होती। सिद्धक्षेत्र तारंगाजी की अदभुत प्रतिमाओं के दर्शनों का लाम बहुत ही पुण्यशाली जीव को ही प्राप्त होता है, यहां आकर अपना सौभाग्य समझना चाहिए।

– महावीर सरावगी, संवाददाता

आस्थावान जेल में रहकर भी अपने आराध्य के चरणों में रहता है

- आचार्य श्री विमर्श सागर जी

जतारा (टीकमगढ़)। ताकत की गोलियां खा लेने से ताकत नहीं आ जाती, अरे ताकत तो व्यक्ति के पूर्व कृत पुण्योदय से आती है, अहंकार की चोटी पर बैठा व्यक्ति कभी वीतरागी निर्ग्रंथ मुनिराजों के चरण नहीं छू पाता, जो अहंकार से मस्तक ऊँचा उठाए है वह कभी उचाईयों को प्राप्त नहीं होता क्योंकि वह एक ठोकर लगते ही धूल में मिल जाता है किन्तु जो अपने पूज्य पुरुषों के चरणों में झुकता है यह निश्चित है सतत ऊँचाइयों को प्राप्त होता जाता है। ऐसा मांगलिक सदुपदेश जतारा नगर गौरव आचार्य श्री विमर्श सागर जी महामुनिराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए दिया। भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं जैन समाज उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि भक्तामर महामंडल विधान के माध्यम से पुण्यार्जन करने का सौभाग्य श्रीमति सुधा-वीरेंद्र (ठेकेदार),

श्रीमती शालिनी -संजीव, आशी, ओम समस्त सिंघई परिवार (जतारा) एवं श्रीमती शशि-विनोद कुमार, पारुल, अभिषेक, मोनू, रूपल, रोहित जैन विवेक इलेक्ट्रॉनिक्स परिवार भिंड को सामूहिक रूप से प्राप्त हुआ।

श्री विनोद कुमार पाटनी मुनिसुव्रतनाथ दिगं. जैन पं. मदनगंज किशनगढ़ के बने निर्विरोध अध्यक्ष

शेखर चंद पाटनी, राष्ट्रीय संवाददाता

मदनगंज-किशनगढ़। धर्म परायण नगरी मदनगंज किशनगढ़ में 23.7.2023 को श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत की साधारण सभा तेली मोहल्ला स्थित आचार्य श्री धर्म सागर विद्यालय में आयोजित की गई। साधारण सभा की अध्यक्षता श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार पाटनी ने की। साधारण सभा में पंचायत के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात् चुनाव प्रभारी राकेश ईनाणी के निर्देशन में पंचायत की प्रबंध कार्यकारिणी समिति एवं कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की। उरसेवा निवासी श्री विनोद कुमार पाटनी की समाज के प्रति सराहनीय सेवा एवं काबिलियत को देखते हुए समाज ने मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर पंचायत किशनगढ़ के हुए चुनावों पुनः निर्विरोध अध्यक्ष के लिए मनोनीत किया गया। चुने गये सभी पदाधिकारी इस प्रकार हैं- अध्यक्ष-श्री विनोद कुमार पाटनी (निर्विरोध), उपाध्यक्ष-श्री दिलीप कासलीवाल (निर्विरोध), मंत्री-श्री सुभाष बड़जात्या (निर्विरोध), उपमंत्री-श्री राजेश पांड्या (188 मत), कोषाध्यक्ष-श्री चेतन प्रकाश पांड्या (निर्विरोध) कार्यकारिणी सदस्य - श्री अनिल पाटनी फुलेरा 201 मत, श्री अमित बाकलीवाल (खंडाच वाले, इंद्रा नगर) 248 मत, श्री भागचंद गंगवाल (चकवाड़ा वाले, इंद्रा नगर) 196 मत, श्री जितेन्द्र कुमार पाटनी 207 मत, श्री मांगी लाल झांझरी लिचाणा वाले 247 मत, श्री मुकेश कुमार काला 214 मत, श्री मुकेश पाटनी (हाउसिंग बोर्ड) 190 मत, श्री प्रदीप कुमार गंगवाल 198 मत, श्री सुनील कुमार गदिया (बाबू भाई) 193 मत, श्री योगेश कुमार पाटनी 207 मत।

विरोध प्रदर्शन

लखनादौन, (सिवनी)। कर्नाटक में हुए मुनि श्री काम कुमार नंदी जी की हत्या के विरोध में जैन समाज लखनादौन सिवनी, सहित पूरे जिले की जैन समाज ने कर्नाटक में हुए जैन मुनि की हत्या के विरोध में लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया दीं और भारत सरकार से यह मांग की कि आरोपी को फांसी दी जाए, कैंडल मार्च निकाला, हाथों में काली पट्टी बांधकर अपना विरोध प्रदर्शन कर विशाल रैली निकालकर अपनी आवाज को बुलंद किया।

–जैन गजट संवाददाता

लखनऊ में निकली विशाल रैली

परमपूज्य आचार्य श्री कामकुमार नन्दी जी महाराज की नृशंस हत्या के विरोध में 20 जुलाई को भारत बंद का आह्वान हुआ। जगह-जगह मौन जुलूस, रैलियां निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया। लखनऊ एवं सम्पूर्ण अवध जैन समाज की ओर से भी परम पूज्य आचार्य श्री विशद सागर जी के निर्देशन में मुनि श्री विशाल सागर जी की प्रेरणा से महारैली का आयोजन हुआ। श्री जैन धर्म प्रवर्धिनी सभा लखनऊ एवं सकल जैन समाज के सहयोग से यह कार्य संभव हुआ। हमलावरों को कठोर दण्ड दिया जाए, घटना की पुनरावृत्ति दुबारा न हो, दिगम्बर संतों की सुरक्षा उनके आहार-विहार-निहार की समुचित व्यवस्था हो। विहार के समय हर 15-20 किलोमीटर पर उनके ठहरने के लिए उचित स्थान की व्यवस्था हो । विहार के समय प्रशासन द्वारा विशेष सुरक्षा दिगम्बर संतों को उपलब्ध कराई जाए आदि प्रसंगों पर चर्चा हुई। सरकार को सकल जैन समाज की ओर से ज्ञापन दिया। परम पूज्य आचार्य श्री विशद सागर जी महाराज ने महावीर पार्क लखनऊ से निकलने वाली विशाल रैली के लिए अपना मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। आचार्य श्री ने कहा कि हम भगवान महावीर के वंशज हैं, हमारी जैन समाज अहिंसावादी है। संत की इस दर्दनाद घटना से समग्र जैन समाज में आक्रोश की लहर व्याप्त है।

मुनि कामकुमार नंदी जी को विनयांजलि

नई दिल्ली। श्री नेमीनाथ दि. जैन मंदिर मास्टर ब्लाक शकरपुर में चातुर्मास कर रहे मुनि श्री शिवानंदजी व प्रशमानंद जी के सान्निध्य में विगत दिवस आयोजित एक बैठक में कर्नाटक में पिछले दिनों आचार्य श्री कामकुमार नंदी जी की निर्मम हत्या पर गहरा रोष व दुःख व्यक्त किया और सरकार से अपराधियों को तुरंत कड़ी सजा देने व संतो की सुरक्षा की मांग की गई।

अहमदाबाद में महारैली

लकमी चंद जैन, संवाददाता

अहमदाबाद। आचार्य कुमार नंदी जी मुनि महाराज की वेदना युक्त निर्मम हत्या के विरोध में श्री मुनि सेवा समिति के कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम एवं नेतृत्व में श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर उस्मानपुरा से दिनांक 20.07.2023 को प्रातःकाल अपने अनुष्ठान बंद करके पुरुष वर्ग श्वेत वस्त्र, महिलाएं केसरी पोशाक एवं बाएं हाथ पर काली पट्टी बांधे हाथों में बैनर लिए मोन रैली जयकारों के साथ निकाली गई। कलेक्टर महोदय को समिति के अग्रणी अभय कुमार साबरमती, लोकेश कोड़िया, सज्जन बंटी, योगेश शाह, ऋषभ जैन, अमृतलाल छोगालाल, महेश शिलालेख आदि द्वारा ज्ञापन दिया गया। इस बीच हजारों की संख्या में लोगों ने सड़क के मध्य बैठकर नवकार मंत्र की धुन एवं जयकारों के साथ बैठकर चक्का जाम कर दिया। ठीक 11:45 बजे रैली का विसर्जन हुआ।

श्राविकाश्रम ट्रस्ट इंदौर द्वारा जरूरतमंद छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरित

राजेन्द्र जैन महावीर, सनावद

इन्दौर। साउथ तुकोगंज स्थित श्री दिगम्बर जैन उदासीन श्राविकाश्रम ट्रस्ट द्वारा नगर की कक्षा छठी से बारहवीं तक की समस्त जरूरतमंद छात्राओं को 350000/- रुपये (अक्षरी तीन लाख पचास हजार रुपये मात्र) छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। पं.श्री रतनलाल शास्त्री, ट्रस्ट की उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा कासलीवाल, मंत्री जयसेन जैन, श्री अरुण सेठी, श्रीमती मणिप्रभा कासलीवाल तथा संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज की गृहस्थ अवस्था की सगी बहनों ब्र. शांता दीदी, स्वर्णा दीदी सभी ने छात्राओं को विशेष परिश्रम कर आई.ए.एस., आई.पी.एस. आदि बनकर देश एवं समाजसेवा करने हेतु प्रोत्साहित किया और समस्त उपस्थित छात्राओं को आशीर्वाद दिया। ट्रस्टी श्री शरद सेठी ने संचालन किया व कोषाध्यक्ष श्री धनराज कासलीवाल ने आभार माना। इस अवसर पर आश्रमस्थ श्राविकाओं सहित अशोक खासगीवाला, डॉ. सुशीला सालगिया, श्रीमती कुसुम जैन तथा विशेष सहयोगी मनीष जैन, शुभम जैन व श्रीमती शीला पाटनी भी उपस्थित थे।

सुख आपके सम्यक निर्णय व प्रतीति का फल है।

युवा ही धर्म ध्वजा और संस्कृति को आगे बढ़ाने में सहायक है

मुनि सुयश सागर जी

झुमरीतिलैया। जैन संत मुनि श्री 108 सुयशसागर ने कहा कि युवा ही धर्म ध्वजा और संस्कृति को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकते हैं। धर्म और संस्कृति से ही राष्ट्र निर्माण होता है। जैन समाज झुमरीतिलैया के डेढ़ सौ युवाओं ने स्वयं अपने हाथ से खाना बनाकर झुमरीतिलैया में चातुर्मास कर रहे जैन संत मुनि श्री 108 सुयश सागर गुरुदेव को नवधा भक्ति पूर्वक आहार कराया। प्रतिदिन मंदिर जाने का, अहिंसा और शाकाहार का शपथ लिया। श्री दिगंबर जैन समाज झुमरीतिलैया में परम पूज्य चर्या शिरोमणि आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य जैन संत मुनि श्री 108 सुयशसागर जी महाराज का भव्य मंगल चातुर्मास बहुत ही भक्ति भाव के साथ हो रहा है। प्रातः सर्वप्रथम देवाधिदेव 1008 चन्द्रप्रभु भगवान का कलश और महाशान्तिधारा सभी युवाओं के द्वारा किया गया, इसके पश्चात् सभी श्रद्धालु जन स्टेशन रोड श्री बड़े मंदिर जी से धर्म ध्वजा बैंड बाजे के साथ नगर भ्रमण करते हुए पानी टंकी रोड जैन मंदिर पहुंचे। नवीन पांड्या जुलूस में सबसे आगे जैन धर्म ध्वज झंडा लेकर आगे आगे चल रहे थे। पानी टंकी रोड मंदिर में युवा गण ने विधि पूर्वक मुनि श्री को पड़गाहन किया। मुनि श्री ससंघ देव दर्शन के बाद विधि लेकर निकले जहाँ लगभग डेढ़ सौ श्रद्धालु युवा भक्त पड़गाहन कर रहे थे। मुनि श्री को 2 बार घूमने के साथ तीसरी चक्कर में भोजन करने की विधि मिली। विधि मिलते ही सभी खुशी से झूम उठे, उसके पश्चात् सभी युवा गणों ने लाइन से अपने गुरुदेव को आहार देकर धन्य माना और छोटे छोटे नियम लेकर अपने जीवन को संयम की मार्ग पर अग्रसर किया। आहार उपरांत मुनि श्री ने सभी युवाओं को आशीर्वाद दिया और कहा कि जैन समाज झुमरीतिलैया बहुत ही भाग्यशाली और पुण्यशाली है जहां के युवाओं में धर्म के प्रति श्रद्धा और भक्ति है। मंदिर में आहार चर्या के बाद मुनि श्री बैंड बाजे के साथ जैन भवन पहुंचे जहां पर उनका चातुर्मास कार्यक्रम चल रहा है। जैन समाज के मंत्री ललित सेठी, चातुर्मास संयोजक नरेंद्र झाझंरी ने पूरी जैन युवक समिति टीम को आज के कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी।

नवीन जैन/राजकुमार अजमेरा, संवाददाता

जीवन में दो तत्व है भाग्य और पुरुषार्थ

- आचार्य प्रमुख सागर जी

गुवाहाटी। स्थानीय फैंसी बाजार स्थित भगवान महावीर धर्म स्थल में उपस्थित आचार्य श्री प्रमुख सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में दो तत्व हैं जिससे हम सबका जीवन चलता है। जैसे यदि किसी के जीवन में सुख है तो दुख भी है, राग है तो द्वेष है, पाप है तो पुण्य भी है आदि इसीलिए यह संसार दो का जोड़ है। एक भाग्य का और दूसरा पुरुषार्थ का। जन्म भाग्य का प्रतीक है और कर्म पुरुषार्थ का प्रतीक है। आचार्य श्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन के रथ को सही पथ पर पहुंचाने के लिए दो पहियों की आवश्यकता पड़ती है। यदि रथ के दोनों पहिये मजबूत हों तो रथ पथभ्रष्ट नहीं हो सकता बल्कि नए-नए पथों का सृजन हो जाया करता है। इसी प्रकार जीवन के रथ में दो पहिए लगे हुए हैं एक भाग्य का और दूसरा पुरुषार्थ का। इन दोनों पहियों में से यदि एक भी पहिया डगमगाया तो समझ लेना अब गाड़ी ज्यादा दिन तक चलने वाली नहीं है। इससे पूर्व प्रातः आचार्य श्री ससंघ के सानिध्य में श्री जी की शांतिधारा करने का परम सौभाग्य हिरालाल-अशोक कुमार-विनोद कुमार पहाड़िया परिवार गुवाहाटी को प्राप्त हुआ।

- सुनील कुमार सेठी, संवाददात

बोर्ड गठित करने पर फागी जैन समाज ने बांटी मिठाई

फागी संवाददाता

राजस्थान सरकार के यशस्वी मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत के द्वारा राज्य जैन श्रमण संस्कृति बोर्ड गठित करने पर सकल जैन समाज फागी सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चौरु, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, रेनवाल, माधोराजपुरा, चित्तौड़ा, पीपला एवं लदाना के सारे सकल जैन समाज ने मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत का कोटि कोटि आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया है। जैन गजट संवाददाता राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि श्रमण संस्कृति बोर्ड गठित करने से समाज के साधु संतों की सुरक्षा सहित समाज हित की अनेक समस्याओं का निदान हो सकेगा। उक्त कार्यक्रम में समाज सेवी सोहन लाल झंडा, केलास कलवाडा, मोहनलाल झंडा, केलास कासलीवाल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा, फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान महावीर प्रसाद जैन, पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा, विनोद कलवाडा, सुरेंद्र बावड़ी, विमल कुमार कलवाड़ा, चातुर्मास कमेटी के अध्यक्ष अनिल कठमाना, कमलेश मंडावरा, कमलेश चोधरी, मितेश लदाना, त्रिलोक पीपलू तथा राजाबाबू गोधा सहित पूरी चातुर्मास कमेटी एवं सारे समाज ने शुभकामनाएं प्रेषित कर धन्यवाद दिया है।

28वां त्रिदिवसीय स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न

राजाबाबू गोधा, संवाददाता

जयपुर में 24 जुलाई को त्रिवेणी नगर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर का 28वां त्रिदिवसीय स्थापना दिवस हर्षोल्लास व भक्तिभाव के साथ मनाया गया, कार्यक्रम में मंदिर समिति के मंत्री रजनीश अजमेरा ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रातः श्रीजी की शोभा यात्रा एवं सौभाग्यवती महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई जो विभिन्न मार्गो से होती पुनः मंदिर जी पहुंची जहां ध्वजारोहण श्रीमती मैना देवी छाबड़ा दही वाला परिवार ने किया तत्पश्चात् श्रीजी के अभिषेक व शांतिधारा हुई, जिसका सौभाग्य धर्मश्रेष्ठी राजकुमार पांड्या परिवार को प्राप्त हुआ तथा शाम को महाआरती हुई। मंदिर समिति के अध्यक्ष, महेन्द्र काला ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन रात्रि में 48 दीपकों से भक्तामर का पाठ हुआ, समाजसेवी नरेश कासलीवाल ने बताया कि कार्यक्रम के अंतिम दिन पार्श्वनाथ विघ्न हरण विधान हुआ। इस अवसर पर विनोद जैन, राजस्थान जैन महासभा के राकेश छाबड़ा, अशोक पाटोदी, सचिन काला, कैलाश सौगानी, लोकेश जैन, नरेंद्र कुमार सेठी, प्रवीण पांड्या, अरिहंत जैन, राजस्थान जैन महासभा के पूर्व अध्यक्ष रतन छाबड़ा, अशोक पापड़ीवाल, महावीर कासलीवाल, शैलेन्द्र जैन, पुष्पेन्द्र अजमेरा, सुरेश सेठ, सुभाष काला, अंकुर पाटोदी, एम. के. जैन, कमल चांदवाड, विमल छाबड़ा, देवेंद्र, जितेंद्र कासलीवाल, सुशील बड़जात्या, सुनील लुहाड़िया, अशोक अजमेरा, विनोद अजमेरा, राजेश णमोकार, नितिन, नितेश छाबड़ा, विजय, अजय पांड्या, महिला मंडल की अध्यक्षा सन्तोष सौगानी, मंत्री शिमला पापड़ीवाल, बबीता लुहाड़िया, वंदना अजमेरा, प्रेमलता काला, मृदुला काला व युवा मंडल के गौरव कासलीवाल, अंशुल बडजात्या सहित बड़ी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित थे।

शेष पृष्ठ 1 का ....

राजस्थान में राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड की अधिसूचना जारी, जैन समाज में हर्ष

4. जैन समुदाय के प्राचीन साहित्य का संकलन, संरक्षण एवं शोध कार्य पर राज्य सरकार को सुझाव देना।

5. जैन समुदाय के आराध्य 24 तीर्थकर पर रचे गये लोक साहित्य का प्रकाशन व प्रचार प्रसार करना।

6. जैन समुदाय के आराध्य भगवान महावीर के शांति एवं अहिंसा के सिद्धांतों का प्रचार प्रसार करना।

7. जैन समुदाय के आचार्य- संतों एवं साध्वियों और श्रावक-श्राविकाओं को भ्रमण के दौरान कानूनी संरक्षण प्रदान करने का सुझाव राज्य सरकार को देना।

उप निदेशक स्तर का विभागीय अधिकारी (समाज कल्याण सेवा संवर्ग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग), बोर्ड के सचिव के पद का कार्य करेंगे। उक्त बोर्ड के कार्य संचालन के लिए अलग से नवीन पदों का सृजन एवं स्वीकृत किये जायेंगे।

ग. सेवा शर्ते - राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड की सेवा शर्ते इस बोर्ड के लिये निर्मित नियमों के अनुसार होगी।

छ. मार्गदर्शन की कार्य पद्धति- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार, राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड के लिये प्रशासनिक विभाग होगा।

ङ: कार्यक्षेत्र - राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण राजस्थान राज्य होगा तथा इस बोर्ड के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए राज्य सरकार को कार्य योजना एवं सुझाव प्रस्तावित करेगा। छ. राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यों की योग्यता, वेतन भत्ते, कार्यकाल तथा अन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में राज्य सरकार जो भी निर्धारित करेगी, देय होंगे। लंबे समय से जैन समाज की यह मांग थी। मुख्यमंत्री अशोक जी गहलोत की इस महत्वपूर्ण घोषणा पर जैन समाज में हर्ष है तथा जैन समाज ने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का आभार जताया है।

टोंक में आर्यिका सूत्रमति माताजी के चातुर्मास की हुई स्थापना

जैन गजट संवाददाता

श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन नसियांजी अमीरगंज टोंक में आर्यिका सूत्रमति माताजी ससंघ पांच आर्यिकाओं के प्रथम चातुर्मास की स्थापना हुई। समाज के मीडिया प्रभारी कमल सर्राफव पवन कंटान ने बताया कि श्रेष्ठी श्री मोहनलाल पुष्पा देवी छामुनियां परिवार (पूना) ने झंडारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सायंकालीन बेला में विधिवत मंत्रोच्चारणों के साथ प्रथम कलश श्री महावीर प्रसाद, धर्मचन्द, जितेन्द्र कुमार, पासरोटिया, द्वितीय कलश श्री विमलचन्द, कमलकुमार, रमेश कुमार बरवास वाले, तृतीय कलश श्री टीकमचन्द, श्यामलाल, लालचन्द फुलेता वालों सहित समाज बन्धुओं ने 111 कलशों की स्थापना की। आर्यिका संघ को वस्त्र भेंट श्री कजोड़मल, कमलेश कुमार कलई वाले परिवार ने, शास्त्र भेंट श्री नेमीचन्द जितेन्द्र कुमार बनेठा ने वाले परिवार ने कर पुण्यार्जन प्राप्त किया।

गणाचार्य विरागसागर जी का चातुर्मास श्रेयांसगिरि में

परम पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज का चातुर्मास अतिशय क्षेत्र श्रेयांसगिरि (जिला-पन्ना) म.प्र. में हो रहा है। देश भर में आपसे दीक्षित 80 संघ हैं जिनमें आपसे दीक्षित मुनि, आर्यिका, क्षुल्लक, क्षुल्लिका जी का वर्षायोग देश में विभिन्न भागों में हो रहा है।

वैदिक गणित कार्यशाला का सानंद समापन

पियुष कासलीवाल, संवाददाता

औरंगाबाद। पि यू जैन माध्यमिक विद्यालय के आठवीं, नवीं, दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को स्पर्धा परीक्षाओं में गणित विषय के महत्व को समझाने के लिए तीन दिवसीय स्मार्ट वैदिक गणित कार्यशाला का आयोजन किया गया। सोमवार को चौथे दिन कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में स्वस्ति समूह की स्वाति कासलीवाल, मीना चांदीवाल, मौसमी सोनी के साथ भावना सोनी, संजीवनी ने मदद की। समापन समारोह की प्रस्तावना गणित शिक्षिका भारती देशमुख ने रखी। इस समय अध्यक्ष महावीर सेठी, उपाध्यक्ष सुनील सेठी, प्रमुख अतिथि के रूप में स्वस्ति समूह की अध्यक्ष शलाका पाटणी, सचिव सपना पापड़ीवाल, उपाध्यक्ष वर्षा कासलीवाल, प्रीति पाटणी, प्रीति बाकलीवाल, मोनिका ठेले, अनुजा दगडा, रश्मि पहाड़े, मुख्याध्यापक विजय पटोदी, जिला परिषद् शिक्षा विभाग के शिक्षा विस्तार अधिकारी वेंकटेश कोमटवार उपस्थित थे। संचालन दर्शना कासलीवाल ने किया। प्रियंका कासलीवाल ने आभार माना।

जगह जगह चातुर्मास कर रहे मुनि संघों के चरणों में शत् शत् वंदन

आनंद कुमार रत्नप्रभा सेठी

सिगनेचर स्टेट, 9 फ्लोर,
अपोजिट-डी.जी.पी. ऑफिस,
बी. के. काकोसी रोड, गुवाहाटी
(आसाम) 781007
मो. 9435012070

उन्नीसवीं पुण्य स्मृति दिवस पर

हार्दिक श्रद्धांजलि

परम पूज्य गुरुदेव अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

भगवान आदिनाथ रंगिया दिगम्बर जैन मंदिर (आसाम)

स्व. श्रीमती कुसुम देवी जैन

(जन्म 1 जनवरी 1953, स्वर्गवास 5 अगस्त, 2004)
(धर्मपत्नी श्री कैलाशचंद जैन काला)

ऊपर जिसका अंत नहीं उसे आसमां कहते हैं, जहाँ में जिसका अंत नहीं उसे हम माँ कहते हैं

ये दुनिया है तेज धूप, पर वो तो बस छाँव होती है।
स्नेह से सजी, ममता से भरी, माँ तो बस माँ होती है।।
।। परमात्मा आपकी आत्मा को शांति प्रदान करें ।।

आपकी स्मृतियों को समेटे आपकी

पुण्यतिथि पर आपको श्रद्धा के साथ स्मरण करते हैं।

: श्रद्धावनत् :

श्री प्रकाशचंद-मधु, श्री बिनोद-दिव्या, श्री कमल-मीठू,
श्री पवन-शिखा (पुत्र-पुत्रवधु), सिद्धि, छवि, स्वजा, शब्दिता, न्यासा (पौत्री) ध्रुव, आर्यमन, नम्र (पौत्र)
एवं समस्त काला परिवार

श्री कैलाश चन्द प्रकाश चन्द काला

रंगिया, गुवाहाटी (आसाम), शक्ति नगर (दिल्ली), जिजोठ (राजस्थान)

सचमुच तो एक एक जीव भगवान ही है।

जैन गज़ट शिकायत 9415008344 जैन गज़ट

मौन जुलूस निकालकर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया

कुचामन सिटी। मारवाड़ की धर्म परायण नगरी कुचामन सिटी ने ऐतिहासिक भारत बन्द के दिन बृहस्पतिवार 20 जुलाई को पूरे जैन समाज ने मौन जुलूस निकालकर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन प्रेषित किया। कर्नाटक में जैन मुनि युवाचार्य सन्त कामकुमार नन्दी जी महाराज की निर्मम हत्या के विरोध में जैन समाज के साथ-साथ जैनेतर समाज भी शामिल था। सभी ने काली पट्टी व हाथों में काले झण्डे ले रखे थे। जैनेतर समाज के प्रमुख नन्द किशोर अग्रवाल, ज्ञानाराम रनवा, हेमराज चावला, अनिल सिंह मेडतिया, जशजी गुजर, खेताराम सिसोदिया, जोगेन्द्र सिंह, घनश्याम गौड़, डा. रजनी गावड़िया, जगदीश गोयल, देवीलाल दादरवाल, राकेश चैधरी, मूलचन्द बगड़ा, राजू फौजी, दलपत सिंह, राम काबरा, रामोतार गोयल, फारूख सभी पत्रिकाओं के पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह कार्यक्रम श्री जैन वीर मण्डल के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज व सर्व समाज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। सबसे महत्वपूर्ण भूमिका श्री जैन वीर मण्डल के अध्यक्ष सौभागमल गंगवाल, पवन जी गोधा (पूर्व बैंक अधिकारी) के साथ सुभाष जी रांवका, सुमेर जी बज, कैलाशचन्द पाण्ड्या, राजेश पाण्ड्या, सुरेश पाण्ड्या, अशोक गंगवाल व पार्षद श्रीमती बरखा रानी पाटनी आदि सभी जिनभक्तों ने जुलूस का संचालन करने में महत्वपूर्ण भूमिका

निभाने बड़ी संख्या में महिलायें थी। प्रत्येक महिला का मुझे झांसी की रानी के रूप में प्रतिबिम्ब दिख रहा था।

मजिस्ट्रेट मनोज चैधरी के सामने कई वक्ताओं ने अपने विचारों से सिंह गर्जना की, इस जुलूस की सबसे खास बात मैंने जो देखी कमल दादा पहाड़िया (कुचामन सिटी की पहचान) अस्वस्थ होते हुए भी इस चिलचिलाती धूप में पूरे जुलूस में अपने स्वास्थ्य की परवाह न करते हुए पैदल चल रहे थे। इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि यह जुलूस कितना मुनि भक्ति के प्रति समर्पित भावों से था। मैं कुचामन सिटी के जुलूस में साथ था। जब मजिस्ट्रेट के सामने समाज के पदाधिकारियों ने मुझे बोलने के लिए कहा तो मैंने भी अपनी भावनायें निम्न रूप से व्यक्त कीं- जैन आचार्य को करंट लगा तड़पाया, शरीर के 9 टुकड़े किये, नेता, मीडिया की चुप्पी, समाज शर्मसार जगह-जगह के जैन समाज के आन्दोलन ज्ञापन - भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र

जी मोदी भारत को विश्व गुरू बनाने का सपना देख रहे है और यह अच्छी बात भी है लेकिन जब भारत की पहचान को ही नष्ट कर दिया जायेगा तो भारत विश्व गुरू कैसे बनेगा और भारत की पहचान है निर्ग्रन्थ सन्त, जिनका त्याग व तपस्या के सामने भारत का प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति भी नतमस्तक है। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के दर्शन करने भोपाल में आप भी पधारे थे, पण्डित जवाहर लाल नेहरू से लेकर जितने भी प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति बने है करीब-करीब सभी प्रधानमंत्री, राष्ट्रपतियों ने निर्ग्रन्थ मुद्रा के दर्शन कर अपने सौभाग्य को सराहा है और उसी मुद्रा का आज यह हाल होगा तो भारत विश्वगुरू कैसे बनेगा। निर्ग्रन्थ सन्त इस धरती की पहचान है। मर्यादा, सेवाभक्ति में, राम, कृष्ण और हनुमंत मिले है, सच पूछो तो इस धरती को निर्ग्रन्थ संत मिले है। जिस धरती की पहचान मर्यादा के लिए रामचन्द्र से की जाती है। सेवा के लिए नारायण श्री कृष्ण को याद किया जाता है। भक्ति के लिए हनुमान जी को याद किया जाता है। आज इस धरती की पहचान निर्ग्रन्थ संतों से की जाती है। मोदी जी आपसे यही निवेदन है कि आप अपने पावर का उपयोग कीजिये, इन सन्तों की सुरक्षा सुनिश्चित कीजिये, दोषियों को सजा दिलवाने में अपनी भूमिका निभाईये। मोदी जी मैं आपको बताना चाहता हूँ यह मुनि पद तीनों लोकों में पूज्य है। जब किसी व्यक्ति का हजारों वर्ष का पुण्य का उदय आता है तो निर्ग्रन्थ मुद्रा के दर्शन होते है। निर्ग्रन्थ संत इस धरती की पहचान कैसे है-

अन्धों को शिवपथ दिखलाया,
पंगु को सम्मेद चढ़ाया।
गूंगे को वाणी देकर,
बहरे को सुनना सिखलाया।।

जो भटके हुए लोग है, उनको सन्मार्ग का रास्ता इन दिगम्बर सन्तों ने दिखलाया है। एक छोटी सी बच्ची जो पंगु थी, आचार्य पुलकसागर जी महाराज की प्रेरणा से उनके साथ पूरी सम्मेद शिखर जी की यात्रा कर गयी। यही तो इन सन्तों की त्याग व तपस्या का परिणाम है। चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शान्ति सागर जी महाराज के सानिध्य में गूंगे को बोलना व बहरे को सुनना शुरू हो गया था इसलिए धरती की पहचान है। जिनकी तपस्या के सामने हवाओं का रूख बदल जाता है। प्रतिकूलता अनुकूलता में बदल जाती है। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज का उदाहरण देख लीजिये- उनकी कठोर साधना व तपस्या के सामने आंखों की गयी हुई रोशनी वापस आ गयी इसलिए इस पृथ्वी की पहचान है दिगम्बर संत।

- शेखर चन्द पाटनी/ राष्ट्रीय संवाददाता
जैन गजट, मदनगंज-किशनगढ़,
मो. 9667168267

श्रमण संस्कृति बोर्ड: 22 मई को आचार्य वर्धमान सागर से मिले थे गहलोत

उदयपुर से निकली थी बोर्ड के गठन की राह आचार्य ने सीएम को बताई थी जरूरत

उदयपुर। राज्य सरकार ने श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन की घोषणा की है। इस बोर्ड के गठन की राह उदयपुर से ही निकली थी। दरअसल, गत 22 मई को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत उदयपुर दौरे पर आए थे। तब उन्होंने सेक्टर-11 में विराजे आचार्य वर्धमान सागर से भेंट की थी। तब आचार्य श्री ने राज्य में श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन की जरूरत बताई थी। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त भी किया था। कर्नाटक में मुनि कामकुमार नंदी की हत्या से प्रदेश समेत पूरे देश के जैन समाज में आक्रोश फैल गया। शहर में गत 20 जुलाई को सकल जैन समाज ने मौन जुलूस निकालकर संतों की सुरक्षा की मांग की थी। समाज ने श्रमण संस्कृति बोर्ड की पैरवी की थी। अब सरकार की घोषणा से समाज पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है। बोर्ड में जो भी पदाधिकारी बनेंगे वह जैन समाज से ही होंगे। मुख्य पांच पद है, बाकी सभी संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे।

नियुक्तियां जल्द: सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा का कहना है कि सरकार की मंशा के अनुसार राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन कर लिया है और नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। नियुक्तियां बाकी है जो सरकार के आदेशानुसार की जाएंगी।

राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन से जैन समाज में दौड़ी खुशी की लहर

राजाबाबू गोधा, संवाददाता

जयपुर। राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में अल्पसंख्यक वर्ग के जैन समुदाय की संस्कृति, धार्मिक सम्पत्तियों की सुरक्षा, संरक्षण, जैन आचार्यों, संतों की सुरक्षा एवं चर्या के संरक्षण के लिए राजस्थान सरकार के मुखिया अशोक जी गहलोत ने राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड का गठन कर अल्पसंख्यक वर्ग के जैन समुदाय को अनूठी सौगात दी है जिससे समुदाय के श्रमण ही नहीं अपितु समुदाय का युवा वर्ग एवं समाज श्रेष्ठियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। सम्पूर्ण जैन समुदाय ने माननीय मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है। राजस्थान समग्र जैन युवा परिषद् इसके संदर्भ में माननीय मुख्यमंत्री महोदय से विगत 2 वर्षो से अधिक समय से यह मांग कर रही थी। समग्र राजस्थान जैन युवा परिषद के अध्यक्ष जिनेंद्र जैन ने बताया कि जैन समुदाय ने जैन गजट के कार्य की भूमिका की भूरी-भूरी सराहना करते हुए कहा कि जैन गजट द्वारा प्रदेश भर के जैन संगठनों के द्वारा चलाई गई सोशल नेटवर्क पर चलाई गई मुहिम को अपने समाचार पत्र के माध्यम से महत्वपूर्ण कवरेज प्रदान कर राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड के गठन के लाभों की जानकारी प्रदान कर जैन समुदाय को जाग्रत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अल्पसंख्यक वर्ग के हितार्थ तीव्र गति से कार्य किया, इसके लिए भारत का सम्पूर्ण जैन समुदाय जैन गजट के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए जैन गजट को धन्यवाद ज्ञापित करता है।

जैन राजनैतिक चेतना मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन आगरा में 15 अक्टूबर को

जैन गजट संवाददाता

आगरा। मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज के पावन सानिध्य में एम. डी. जैन कॉलेज हरीपर्वत आगरा में जैन राजनैतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री हुकम काका जैन की अगुवाई में 22 जुलाई 2023 को जैन राजनैतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की ऐतिहासिक मीटिंग हुई। कार्यक्रम में मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन आगमी 15 अक्तूबर 2023 को एम. डी. जैन कॉलेज हरिपर्वत आगरा में गुरुदेव पूज्य मुनिपुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के सानिध्य में करने का निश्चय किया गया। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री हुकम जैन काका जी ने सभी को संबोधित करते हुए अधिवेशन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आगरा में पूरे देश के जैन समाज के राजनीतिज्ञों का विशाल अधिवेशन 15 अक्तूबर को होगा, जिसमें सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री प्रकाशचंद जैन बड़जात्या चेन्नई, श्री ललित जैन झांसी राष्ट्रीय महामंत्री, श्री सुकीर्ति जैन, संगठन महामंत्री श्री निर्मल जैन कासलीवाल इंदोर, श्री पवन जैन गोधा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महासभा, श्री विवेक जैन बैनाड़ा राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा महासभा, श्री सुमित जैन राष्ट्रीय सचिव दिल्ली, श्री अमित जैन अध्यक्ष युवा महासभा आगरा, संदीप जैन गुरुग्राम राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री महासभा आदि सभी ने ध्वनि मति से अपनी सहमति जताई। सभी ने अधिवेशन को सफल बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए।

स्वत्वाधिकारी 'श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा' के लिये प्रकाशक एवं मुद्रक सुभाषचन्द्र गुप्ता द्वारा द इण्डियन एक्सप्रेस प्रा. लि. सी 26, अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया लखनऊ उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं श्री नंदीश्वर फ्लोर मिल्स कम्पाउण्ड, मिल रोड, ऐशबाग लखनऊ-226004 उ. प्र. से प्रकाशित, सम्पादक -सुधेश कुमार जैन

पंजीकृत समाचार पत्र
R.N.I. NO. 59665/92

Posted at R. M. S, Char bagh, Lko. on
Every Monday, wednesday and thursday

डाक पंजीयन संख्या :
SSP/LW/NP/115/2021-2023

If Undelivered Please Return To : Publisher- Jain Gazette
C/o Sri Nandishwar Flour Mills Compound, Mill Road, Aish bagh,
Lucknow - 226004 (U. P.) (INDIA) Mob. 7880978415,
9415108233, 7505102419 Web site- jaingaztte.com
email- jaingazette2@gmail.com whatsapp 7607921391

To,

एक प्रति का मूल्य 3/- रुपये (कार्यालय से लेने पर)

वार्षिक सदस्यता शुल्क 300/-,
दस वर्षीय आजीवन शुल्क 2100/-
(डाक/कोरियर से मंगाने पर खर्च अतिरिक्त देय होगा)

जैन गजट संबंधी सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा। लेखक के विचारों से संस्था या सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।